प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमणों के लिए नियमितीकरण नीति–2026 को दी मंजूरी– अस्वीकृत किए गए करूणामूलक नियुक्ति मामलों पर पुनर्विचार पर भी लगाई मोहर।
- हिमकेयर योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कवरेज बीमा मॉडल के अंतर्गत संचालित करेगी सरकार।
- नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों व उपप्रधानों को 15 जून को जिलास्तर पर दिलाई जाएगी शपथ– मुख्यमंत्री धर्मशाला में दिलाएंगे शपथ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– मुख्यमंत्री बौखलाहट में जनादेश का लगातार कर रहे हैं अपमान।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने अम्ब अंदौरा से कोलकाता के लिए साप्ताहिक गुरूमुखी सुपर फास्ट एक्सप्रैस रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर किया रवाना।

.....

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों द्वारा अलग–अलग कारणों से अस्वीकृत किए गए करूणामूलक नियुक्ति के मामले पर पुनर्विचार के मामले को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में सरकारी भूमि पर कुछ अतिक्रमणों के लिए नियमितीकरण नीति 2026 को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि ये नीति सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है और इसे मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है।

हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में हिमकेयर योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कवरेज को बीमा मॉडल के तहत संचालित करने का निर्णय लिया गया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार पात्र लाभार्थियों को अब पांच लाख के स्थान पर सात लाख रूपए और दस लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों व उपप्रधानों को 15 जून को जिलास्तर पर शपथ दिलाई जाएगी।

मंत्रिमंडल की बैठक में तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए राज्य नवाचार नीति को मंजूरी देने के अलावा जॉब ट्रेनीज़ को 15 दिन का पितृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के सैंकड़ों पद भरने को भी स्वीकृति दी गई।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हार की बौखलाहट में है इसलिए जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है, ये बात मुख्यमंत्री स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में परिजनों की उपस्थिति एक सम्मान का भाव है, लेकिन आज सरकार द्वारा ऐसे समारोह में परिजनों और मीडिया को जाने से रोकना भी बौखलाहट का एक उदाहरण है।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अनुशासन और संवाद का संदेश दिया है। आज शिमला में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष नीरज भारती द्वारा अपनी ही सरकार पर लगाए गए आरोपों और पद से इस्तीफे को लेकर उपजे विवाद पर उन्होंने ये बात कही है। चंद्र कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है लेकिन बिना तथ्यों व पर्याप्त विचार–विमर्श के लगाए गए आरोप संगठन व सरकार दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं।

अनुराग रेल

पूर्व केंद्रीय मंत्री व लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने आज ऊना जिले के अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए साप्ताहिक गुरूमुखी सुपर फास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये रेलगाड़ी करीब 19 सौ किलोमीटर की दूरी 31 घंटे 30 मीनट में तय करेगी। अनुराग ठाकुर ने इस रेलसेवा को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये रेल सेवा पटना साहिब और वाराणसी जैसे पवित्र धार्मिक स्थलों के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

वाईब्रैंट विलेज

विकसित वाइब्रैंट विलेज कार्यक्रम 2026 के तहत सौ युवा प्रतिभागियों के दल को इन दिनों हिमाचल प्रदेश के किन्नौर व लाहौल स्पिति जिलों के सीमावर्ती गांव का दौरा करवाया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे इन प्रतिभागियों को 3 से 5 जून तक किन्नौर जिला के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय समुदायों के जीवन को नजदीक से समझने का अवसर मिला। विस्तृत ब्यौर के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता.....

राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली में प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद लाहौल–स्पीति की शांशा पंचायत के प्रधान प्रशांत के लाहौल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस पंचायत को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

लाहौल–स्पीति की शांशा पंचायत को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आज पंचायत प्रधान प्रशांत के लाहौल पहुंचने पर अटल टनल के उत्तरी द्वार पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पारंपरिक खतक पहनाकर सम्मानित किया गया।पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर थिरकते हुए जश्न मनाया। इसके बाद शांशा गांव पहुंचने पर सभी ग्रामीणों ने पुनः लाहौली परम्परा के अनुसार स्वागत एवं सत्कार किया। शांशा पंचायत की इस सफलता ने लाहौल–स्पीति और हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

शपथ

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गयी। शिमला के बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई जिसमें सभी वार्डों के सदस्य शामिल रहे।

नमस्कार।